## ज्ञान सरोवर के हार्मनी हॉल में 'स्पीड, सेफ्टी, स्पीरिचुअलिटी' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन

# सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण है व्यक्ति का अस्थिर मन : महाना

### इस मौके पर...

**उ.प्र. विधान सभा अध्यक्ष ने कहा- मन को सकारात्मक और सशक्त बनाने का काम कर रहा ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान**

**देश के विभिन्न प्रान्तों से रोडवेज़, रेलवे, टूरिज़्म और ऑटोमोबाइल क्षेत्र के 550 से अधिक प्रतिनिधि हुए शामिल**




**ज्ञानसरोवर-माउण्ट आबू।** आज भारत में एक ओर तेज़ गति से विकास और प्रगति हो रही है, वहीं दूसरी ओर सड़क दुर्घटनायें लगातार बढ़ रही हैं। इसका एक प्रमुख कारण अस्थिर और अशान्त मन है। यह बात ब्रह्माकुमारीज़ के ट्रान्सपोर्ट विंग द्वारा ज्ञान सरोवर के हार्मनी हाल में 'स्पीड, सेफ्टी एंड स्पीरिचुअलिटी' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कही। उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मन को सकारात्मक और सशक्त बनाने का काम ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान बहुत लगन और देश प्रेम की भावना से कर रहा है जो सराहनीय है। ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन जन जागृति लाने के लिए उपयोगी है। प्रभाग के राष्ट्रीय संयोजक ब्र.कु. डॉ.सुरेश शर्मा ने विभिन्न क्षेत्रों में सुरक्षा जागृति के लिए संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी व वीडियो प्रेज़ेन्टेशन दिया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा के लिये नियमों का पालन करने की शपथ दिलवाई। प्रभाग की चेयरपर्सन राजयोगिनी डॉ. निर्मला दीदी ने सुरक्षित जीवन के लिए यातायात नियमों के पालन के साथ-साथ राजयोग मेडिटेशन को महत्वपूर्ण बताते हुए नियमित अभ्यास करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि मन को खुशहाल बनाने के लिए परमात्मा से सम्बन्ध जोड़ने की ज़रूरत है। बड़ौदा से आये रेलवे के इंस्टीट्यूट एनएआईआर के डिप्टी डीजी राकेश राजपुरोहित ने आयोजन के उद्देश्य की सराहना करते हुए संगोष्ठी की सफलता के लिए भारतीय रेलवे और अपनी संस्था की ओर से शुभकामनायें दी। मुम्बई से आईं प्रभाग की उपाध्यक्षा ब्र.कु. दिव्यप्रभा बहन ने तनाव और क्रोध के कारण जीवन यात्रा में व्याप्त दु:ख से मुक्त होने के लिए सकारात्मक सोच को ज़रूरी बताया। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के साथ वैचारिक स्तर पर रोज़ दुर्घटनायें होती हैं। दूषित विचारों के कारण घर परिवार में हो रही दुर्घटनाओं को कम करने के लिए आध्यात्मिकता की ज़रूरत है। कार्यक्रम में प्रो. ई.वी. गिरीश ने भी अपने विचार व्यक्त किये। मंच संचालन ब्र.कु. संगीता बहन ने किया।




## 'राजयोग' से मीडिया कर्मियों का जीवन बनेगा स्वस्थ, सुखी व संपन्न : चंद्र

**गया-ए.पी. कॉलोनी(बिहार)।** ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा आज़ादी के अमृत महोत्सव का समापन समारोह 'मीडिया स्नेह मिलन' कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ। स्थानीय रेड क्रॉस सोसायटी के कन्वेंशन हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में मीडिया वर्ग को ब्रह्माकुमारीज़ के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राजयोगी ब्र.कु. सुशांत भाई ने संस्था द्वारा चलाई जा रही अखिल भारतीय समाधान परक पत्रकारिता की जानकारी देते हुए कहा कि सकारात्मक पत्रकारिता ही समाधान परक पत्रकारिता है। क्योंकि सकारात्मक मानसिकता के बिना मानवीय समस्याओं का समाधान संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता ही सकारात्मकता का आधार है। इसलिए पत्रकारिता में आध्यात्मिकता का समावेश ज़रूरी है। गया स्थित ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेन्द्रों की मुख्य संचालिका राजयोगिनी ब्र.कु. सुनीता दीदी ने कहा कि पत्रकारों को स्वस्थ और तनाव मुक्त रहना ज़रूरी है। क्योंकि स्वस्थ एवं सकारात्मक मानसिकता ही पत्रकारों के लेखनी व समाचारों को स्वस्थ व सकारात्मक रूप प्रदान कर सकता है। कार्यक्रम में उपेन्द्र सिंह, अध्यक्ष,रेड क्रॉस सोसायटी, सुबोध प्रकाश, सचिव,रेड क्रॉस सोसायटी, डॉ. अभय सिंबा, नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. संजय वर्मा, समाजसेवी राज कुमार अग्रवाल आदि ने भी विचार रखे।

**मीडिया कर्मी एक जागरुक और सतर्क प्रहरी के रूप में दिन-रात व्यस्त रहता है। जिससे उसके व्यवसायिक जीवन के साथ पारिवारिक माहौल भी अस्वस्थ व तनाव युक्त रहता है। ऐसे में पत्रकारों को अपनी रोज़मर्रा के जीवन से कुछ समय निकाल कर ब्रह्माकुमारीज़ संस्था के रूहानी ज्ञान व राजयोग ध्यान का अभ्यास अवश्य करना चाहिए। जिससे उनकी आंतरिक शक्ति व कार्य क्षमता में वृद्धि होगी, वे स्वस्थ, सुखी व तनाव रहित जीवन व्यतीत कर सकेंगे** - जिला जन संपर्क अधिकारी दीपक चंद्र।

» 'मीडिया स्नेह मिलन' के साथ संपन्न हुआ आज़ादी का अमृत महोत्सव वर्ष

» बच्चों द्वारा देश भक्ति पर हृदयस्पर्शी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी गई प्रस्तुति

»» स्वास्थ्य क्षेत्र में एक और उपलब्धि... नहीं जाना होगा अब कहीं और... ««

## शांतिवन 'ट्रॉमा सेंटर' में 'एमआरआई' की सुविधा शुरू



**शांतिवन।** जिले के लोगों को एमआरआई के लिये बड़े शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा। यह सुविधा आबू शहर के शांतिवन ट्रॉमा सेन्टर में अब मिलेगी। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, आरोग्यम और ब्रह्माकुमारीज़ के सहयोग से यह सुविधा शुरू हुई। शुभारम्भ मुख्य प्रशासिका दादी रतनमोहिनी, जालौर-सिरोही सांसद देवजी भाई पटेल, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लि. के चेयरमैन श्रीकान्त माधव वैद्य, विधायक जगसी राम कोली, टीएचडीसी इंडिया लि. के एजीएम अमरदीप सिंह, ग्लोबल हॉस्पिटल के ट्रस्टी व ब्रह्माकुमारीज़ के महासचिव राजयोगी ब्र.कु. निर्वैर भाई, अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी ब्र.कु. मुन्नी दीदी, अतिरिक्त महासचिव राजयोगी ब्र.कु बृजमोहन भाई, ग्लोबल हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. प्रताप मिड्ढा, संस्थान के कार्यकारी सचिव ब्र.कु. डॉ. मृत्युंजय भाई ने किया। सांसद पटेल ने आह्वान करते हुए कहा कि जालोर और सांचौर में ब्रह्माकुमारीज़ संस्था हॉस्पिटल लेकर आती है तो ज़मीन से लेकर धन की व्यवस्था की जायेगी। हमारे पास धन की कमी नहीं है। मैनेजमेंट की कमी है। और ब्रह्माकुमारीज़ का मैनेजमेंट अद्भुत है। भाजपा के जिलाध्यक्ष सुरेश कोठारी, नगर पालिका अध्यक्ष मगनदास चारण, डॉ. सतीश गुप्ता, डॉ. आनन्द व अन्य गणमान्य लोगों सहित ट्रॉमा सेंटर के ब्र.कु. धर्मेंद्र, समस्त स्टाफ, नर्स और कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन ब्र.कु. विशाल भाई और शिक्षा प्रभाग की मुख्यालय संयोजिका ब्र.कु. शिविका बहन द्वारा किया गया।

# गीता पाठशालाओं का वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह

**पानीपत-ज्ञान मानसरोवर(हरियाणा)। ब्रह्माकुमारीज़ के ज्ञान मानसरोवर रिट्रीट सेंटर में पानीपत सर्कल के ब्रह्माकुमारीज़ गीता पाठशालाओं के वार्षिक उत्सव का आयोजन हुआ तथा इन सभी गीता पाठशालाओं को चलाने के निमित्त भाई-बहनों का सम्मान समारोह भी किया गया। इस वार्षिक उत्सव में 1500 से अधिक भाई-बहनों ने भाग लिया।**

इस अवसर पर राजयोगिनी ब्र.कु. पुष्पा दीदी,चेयरपर्सन,ब्रह्माकुमारीज़,ज्यूरिस्ट विंग,नई दिल्ली ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महान व्यक्ति वही है जो स्वयं भी ईश्वरीय ज्ञान को जीवन में धारण करता है एवं दूसरों का भी जीवन बनाने में सहयोग देता है और वह घर मंदिर के समान है जिस घर में ईश्वरीय ज्ञान की क्लास चलती है। मुख्य अतिथि राजेश सोनी,सिटी मजिस्ट्रेट,पानीपत ने कहा कि ज्ञान की अच्छी बातें हमें जहां से भी मिले ग्रहण करनी चाहिए और फिर जीवन में उन बातों को धारण भी ज़रूर करना चाहिए। जब इंसान भगवान को याद करता है तो भगवान भी उसका साथ सदा निभाता है। ज्ञान मानसरोवर निदेशक राजयोगी ब्र.कु. भारत भूषण भाई ने कहा कि पानीपत सबज़ोन में 400 से ज़्यादा ब्रह्माकुमारीज़ की पाठशालाएं हैं जहां आकर अनेक लोगों का जीवन परिवर्तन हुआ है। सैकड़ों परिवार निर्विकारी और निर्व्यसनी जीवन व्यतीत कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने सभी से ये शुभ प्रतिज्ञा भी कराई कि हम सब भी निर्व्यसनी रहेंगे एवं दूसरों का भी जीवन निर्व्यसनी बनायेंगे। सर्कल इंचार्ज राजयोगिनी ब्र.कु. सरला दीदी ने कहा कि हम दूसरों के लिए मिसाल हैं। इसलिए हमें स्वयं के ऊपर इतनी सावधानी रखनी चाहिए जो हमसे कोई कर्म ऐसा ना हो जिसका गलत प्रभाव दूसरों के ऊपर पड़े। इसराना ब्लॉक डीएसपी कृष्ण कुमार भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे एवं अपनी शुभकामनाएं दी। बिजनौर सेवाकेंद्र से ब्र.कु. सुरेश बहन ने आभार किया। मंच संचालन ब्र.कु. शिवानी बहन,हुड्डा ने किया।



कार्यक्रम में सभी ब्रह्माकुमारीज़ पाठशालाओं को चलाने के निमित्त भाई-बहनों को किया सम्मानित।

RNI NO RAJHIN/2000/00721, POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/21-23, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2021-23, Posting on 12th TO 14th and 22nd TO 24th each month, published on 3rd Sep, 2023
स्वामी - राजयोगा एजुकेशन रिसर्च फाउण्डेशन, प्रकाशक, सम्पादक एवं मुद्रक- गंगाधर नरसिंघानी द्वारा कैपिटल ऑफसेट, L 801-I, Sector-28, GIDC Gandhinagar(Guj.) से मुद्रित एवं ओमशान्ति मीडिया, ब्रह्माकुमारीज़,शांतिवन-राज. से प्रकाशित।
कार्यालय - ओमशान्ति मीडिया
ब्रह्माकुमारीज़, शांतिवन,- 307510
See Latest News
www.omshantimedia.org